>

Title: Regarding delay in construction of a floyover on NH-2 in Agra city of Uttar Pradesh.

प्रो. रामशंकर (आगरा): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आगरा में कई वर्षों से नेशनल हाइवे नम्बर दो पर तीन फ्लाईओवर बनने स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। मैं लगातार इस मामले को शून्य काल में और नियम 377 के अधीन भी उठा चुका हूं। इसके अलावा बीसियों बार मंत्री जी से मिला हूं। वहां से हर बार यही आश्वासन मिलता है कि एक महीने में काम शुरू हो जाएगा। सन् 2014 में काम पूरा होना था, लेकिन आगरा शहर के मध्य से जो नेशनल हाइवे नम्बर दो गुजरता है, वहां पर यातायात की व्यवस्था इतनी चरमरा जाती है कि साल में पचासों एक्सीडेंट होते हैं और ज्यादातर विद्यार्थी उसकी चपेट में आते हैं और कई की मृत्यु हो जाती है। नेशनल हाइवे नम्बर दो पर जो तीन फ्लाईओवर प्रस्तावित हैं, वहां से रोजाना 50,000-60,000 वाहन गुजरते हैं, जिनमें ताजमहल को देखने वाले देशी और विदेशी पर्यटक भी बहुतायत मात्रा में होते हैं। समझ नहीं आता कि यह काम क्यों रुका हुआ है। मंत्री जी लगातार मुझे आश्वासन देते हैं कि 15 दिन या एक महीने में काम शुरू हो जाएगा, लेकिन अभी तक वह शुरू नहीं हुआ है। इसलिए मेरी मांग है और मैं बड़े दुख के साथ अपील करना चाहता हूं कि इन फ्लाईओवर्स का काम जल्द शुरू कराया जाए, जिससे आए-दिन हो रही दुर्घटनाओं में बच्चों की मृत्यु होती है, उससे बचा जा सके। इसके अलावा आगरा शहर जो जाम से जूझ रहा है, उससे भी उसे मुक्ति मिल सके।